पत्रांक–5 / स.1–79 / 2014 321
झारखण्ड सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग,
(उच्च शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

केoपीo सिंह
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग।

रॉंची, दिनांक–03.02.2016

विषय– बी0एड0 महाविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2014–15 के लिए संबंधन की स्वीकृति पर अनुमोदन के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2014–15 के लिए आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा W.P.(C) No. 276/2012 में पारित न्यायादेश एवं एन0सी0टी0ई0 नॉर्म्स के आलोक में निम्नांकित महाविद्यालयों के प्रस्ताव पर महाविद्यालयवार समीक्षा की गई। महाविद्यालयवार समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा कंडिका–2 में वर्णित शर्त्तों के अधीन कॉलम–8 में अंकित निर्णय अनुरूप स्वीकृति प्रदान की जाती है–

क्र0	याचिका संख्या एवं वर्ष	महाविद्यालय का नाम	प्रस्ताव प्रेषण संबंधी विश्वविद्यालय का पत्रांक / दिनांक	उच्च शिक्षा निदेशालय को प्रस्ताव प्राप्ति की तिथि	Recognition प्रदान करने संबंधी एन0सी0टी0ई0 का पत्रांक / दिनांक	विश्वविद्यालय का अनुशंसा	सरकार का निर्णय
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Civil Appeal No. 5857/2015 Arising out SLP No. 16425/15 dt. 27.07.15	विनोद बिहारी महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, चतरा	3759/15 dt. 13.10.15	15.10.15	15372 dt. 17.12.12 (from 2013-14)	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय एवं आदेश के आलोक में 2014–15 के संबंधन की अनुशंसा	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय एवं आदेश के आलोक में 2014–15 के संबंधन की अनुशंसा
2.		के0 एन0 बख्सी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बगोदर, गिरिडीह	4360/15 dt. 19.12.15 (2014-15)	28.12.15	20199 dt. 14.08.13 (from 2013-14)	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक 2014–15 के संबंधन की अनुशंसा	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में 2014–15 के लिए संबंधन की स्वीकृति पर अनुमोदन
3	Civil Apeal No. 8747/2015	स्कॉलर बी0एड0 कॉलेज, गिरिडीह	4359/15 dt. 19.12.15 (2014-15)	21.12.15	20194 dt. 14.08.13 (from 2013-14)	सत्र 2014–15 के लिए ब्पअपस ।चचमंस छवण 8747६2015 दि0 17.10.2015 के आलोक में संबंधन की अनुशंसा	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में 2014–15 के लिए संबंधन की स्वीकृति पर अनुमोदन
4.	Civil Appeal No. 931/2014	दामोदर वैली शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, धनबाद	2437/14 dt. 12.12.14	17.12.14	19844 dt. 30.07.13 (from 2014-15)	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में 2014–15 के संबंधन की अनुशंसा	मा0 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में 2014–15 के लिए संबंधन की स्वीकृति पर अनुमोदन

2. शर्तें–

(क) राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद, पूर्व क्षेत्रीय कमिटी, भुवनेश्वर के जिस आदेश के द्वारा संबंधित संस्था को प्रस्वीकृति प्रदान की गयी है, उनमें निहित सभी शर्त्तों को महाविद्यालय सतत् पूरा करता रहेगा।

(ख) एन0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित 200 शिक्षण दिवस, जिसमें 40 दिन शिक्षण अभ्यास भी सम्मिलित है, का पालन महाविद्यालय सुनिश्चित करेगा और उसके उपरांत ही विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देगा।

(ग) छात्रों के नामांकन में एन0सी0टी0ई0, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्ड को पूर्णतः पालन किया जाए। विश्वविद्यालय यह भी सुनिश्चित करेगा कि विभागीय संकल्प 1382 दिनांक 20.05.04 एवं इस संदर्भ में निर्गत अनुवर्ती परिपत्रों द्वारा नामांकन संबंधी निर्धारित प्रक्रिया को महाविद्यालय पूरा करता है तथा नामांकन में आरक्षण नियमों का अक्षरशः पालन करता है।

(घ) विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के उपरांत कि महाविद्यालय को एन0सी0टी0ई0 द्वारा प्रस्वीकृति एवं राज्य सरकार के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, संबंधन हेतु अधिसूचना निर्गत करेगा।

(ङ) विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करे कि कोई भी बी0एड0 कॉलेज यदि निर्धारित योग्यताओं व मानकों का पूर्ण पालन नहीं कर रहा हो तो उसकी मान्यता रद्द करने हेतु एन0सी0टी0ई0 से सीधे अनुरोध किया जाय।

विश्वासभाजन
ह0/–
(के0पी0 सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

ज्ञापांक : वि0भा0वि0/स्था0/ 5236 /2015 दिनांक : 19/2/2016.

प्रतिलिपि–

1. संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य।
2. सरकार के संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड सरकार, रांची।
3. परीक्षा नियंत्रक, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
4. सभी पदाधिकारी, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
5. प्र0 स्था0, वि0भा0वि0, हजारीबाग।
6. निजी सहायक कुलपति/प्रतिकुलपति/वित्त परामर्शी/कुलसचिव को सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर) 19/2/16
कुलसचिव

(हस्ताक्षर) 19/02/16